प्रेषक,

हरी राम,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण,
उत्तर प्रदेश, इन्दिरा भवन, लखनऊ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 10 अक्टूबर, 2019

विषय- वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक में 03-अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय के अधिष्ठान मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष अवशेष 06 माह की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-1920/अ0सं0क0नि0-52/लेखा/बजट-प्रावि/ 2019-20, दिनांक 03.09.2019 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा विषयांकित मद की अवशेष धनराशि निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-48 के लेखा शीर्षक-2070-001-03-अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय के अधिष्ठान के विभिन्न मानक मदों में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष प्रथम 06 माह हेतु स्वीकृत धनराशि शासनादेश संख्या-19/2019/517/बावन-1-2019-अधि0 (बजट)/19, दिनांक 09.05.2019 द्वारा तथा उक्त लेखा शीर्षक के मानक मद-52-पुनरीक्षित वेतन का अवशेष (राजकीय) में प्राविधानित कुल धनराशि की अवशेष 06 माह हेतु स्वीकृत धनराशि भी शासनादेश संख्या-39/2019/610/बावन-1-2019-अधि0(बजट) /19, दिनांक 24.06.2019 द्वारा पूर्व में निर्गत की जा चुकी है।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक में अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय हेतु अनुदान संख्या-48 के लेखा शीर्षक-2070-001-03 के अन्तर्गत विभिन्न मदों में प्राविधानित कुल धनराशि रू0 328.12 लाख में से अवशेष 06 माह हेतु स्वीकृत धनराशि रू0 157.81 लाख (रूपये एक करोड़ सत्तावन लाख इक्यासी हजार मात्र) को निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने एवं व्यय किये जाने की राज्यपाल महोदया सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं :-

लेखाशीर्षक 2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-
001-निदेशन तथा प्रशासन-
03-अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय-

क्र0 सं0	**मद का नाम**	**वर्ष 2019-20 का बजट प्राविधान**	**वर्ष 2019-20 के लिये प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष प्रथम 06 माह हेतु पूर्व में अवमुक्त धनराशि (रू0 लाख में)**	**वर्ष 2019-20 के लिये प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष अवशेष 06 माह की वर्तमान में अवमुक्ति हेतु प्रस्तावित धनराशि (रू0 लाख में)**
1	**2**	**3**	**4**	**5**
1	01-वेतन	210.00	105.000	105.000
2	02-मजदूरी	0.90	0.450	0.450

http://shasanadesh.up.gov.in

3	03-मंहगाई भत्ता	31.50	15.750	15.750
4	04-यात्रा-व्यय	2.00	1.000	1.000
5	05-स्थानान्तरण यात्रा-व्यय	0.20	0.100	0.100
6	06-अन्य भत्ते	13.00	6.500	6.500
7	07-मानदेय	0.25	0.125	0.125
8	08-कार्यालय-व्यय	5.00	2.500	2.500
9	11-लेखन सामग्री	3.25	1.625	1.625
10	12-कार्यालय फर्नीचर	8.00	4.000	4.000
11	13-टेलीफोन पर व्यय	2.00	1.000	1.000
12	14-वाहनों का क्रय	0.00	0.000	0.000
13	15-वाहनों का अनुरक्षण	10.00	5.000	5.000
14	16-व्यावसायिक एवं विशेष सेवा	4.00	2.000	2.000
15	18-प्रकाशन	3.00	1.500	1.500
16	42-अन्य व्यय	3.00	1.500	1.500
17	44-प्रशिक्षण व्यय	1.00	0.500	0.500
18	45-अवकाश यात्रा व्यय	1.00	0.500	0.500
19	46-कम्प्यूटर हा0सा0क्रय	5.00	2.500	2.500
20	47-कम्प्यूटर स्टेशनरी अनु0	6.00	3.000	3.000
21	49-चिकित्सा व्यय	6.00	3.000	3.000
22	51-वर्दी व्यय	0.52	0.260	0.260
23	52-पुनरीक्षित वेतन का अवशेष	12.50	12.50	0.000
	योग	328.12	170.31	**157.81**

1- कोषागार से धनराशि का आहरण आवश्यकता के अनुसार किया जायेगा तथा धनराशि को आहरित कर बैंक/डाकघर में जमा नहीं किया जायेगा।

2- वेतन हेतु स्वीकृत धनराशि से केवल शासन द्वारा अनुमोदित पदों के वेतन आदि का ही भुगतान किया जायेगा।

3- किसी भी दशा में उक्त धनराशि किसी अन्य मद में पुनर्विनियोग नहीं किया जायेगा। उक्त मदों पर होने वाला व्यय इस संबंध में समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी किये गये मितव्ययिता संबंधी आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4- धनराशि का आवंटन (एलॉटमेन्ट मात्र) किसी प्रकार के व्यय करने का अधिकार नहीं देता है । जिन मामलों में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय ।

http://shasanadesh.up.gov.in

4- उक्त मदों पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-48 के लेखा शीर्षक-2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-001-निदेशन तथा प्रशासन-03-अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय की सुसंगत इकाईयों के नामें डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22.03.2019 में प्रदत्त निर्देशों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं ।

भवदीय,

(हरी राम)
उप सचिव।

संख्या-965(1)/बावन-1-2019, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त एवं लेखाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ ।
5- वित्त(ई-4) अनुभाग /वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 (02 प्रतियों में)/नियोजन अनुभाग-3
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(हरी राम)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in